# खैरथल में बच्चों सहित आमजन ने दौड़ लगाई

**खैरथल।** विश्व पर्यावरण दिवस से पूर्व बुधवार को खैरथल में रन फॉर एनवायरमेंट का आयोजन किया गया। कलेक्टर किशोर कुमार ने झंडी दिखाकर रवाना किया।यह दौड पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से शुरू होकर जिला सचिवालय पर सम्पन्न हुई। इस जागरूकता दौड़ में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं आमजन ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इसके दोरान जिला सचिवालय परिसर में जल संरक्षण जन अभियान संकल्प के अंतर्गत प्रतिभागियों द्वारा परिंडे लगाए गए एवं उनमें पानी भरा गया।

परिसर में स्थित पेडों में पानी देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा यह दौड केवल एक इवेंट नहीं, बल्कि जल एवं पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी की सार्वजनिक अभिव्यक्ति है। जल स्वावलंबन पखवाड़े की शुरुआत 5 जून से जिले भर में की जा रही है, जिसके तहत गाँव-गाँव में जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन, वर्षा जल संचयन, स्वच्छता एवं हरियाली अभियान को गति दी जाएगी। हमें जल-जंगल-जन के इस प्राकृतिक बंधन को सहेजना है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को जल का विवेकपूर्ण उपयोग करना चाहिए। पारंपरिक जल स्त्रोतों जैसे कुएँ, बावड़ी, तालाब आदि का संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है। वर्षा जल संठाहण को अपनाना और लोगों को इसके लिए प्रेरित करना समय की आवश्यकता है, हमें इस अभियान को सभी की भागीदारी से सफल बनाना है। इस अवसर पर मौजूद छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों ने जल संरक्षण की शपथ लेते हुए कहा जल है तो कल है, यही हमारा संकल्प है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अधिशासी अभियंता वाटरशेड विभाग छत्रपाल सिंह, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, नगर परिषद कनिष्क अभियंता मोतीलाल वर्मा उपस्थित रहें।




कलैक्टर किशोर कुमार खैरथल में रन फॉर एनवायरमेंट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।

इसके अलावा जिला कलेक्टर ने सोमवार को जिला सचिवालय पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक की । बैठक के दौरान जल स्वावलंबन पखवाड़े की कार्य योजना पर चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए और कहा राज्य सरकार जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से नीतिगत निर्णय लेकर राजस्थान को स्वस्थ एवं स्वच्छ प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

- **वर्षा जल संग्रहण को अपनाने की आवश्यकता : कलैक्टर**

उन्होंने कहा 5 जून से 20 जून तक जिले में जल स्वावलम्बन पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान गंगा दशमी एवं विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक ठााम एवं शहरी नगर निकाय में समस्त विभागों द्वारा जल स्त्रोतों, नदियों एवं तालाबों पर पूजन कलश यात्रा, जागरूकता अभियान, स्वच्छता अभियान एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, विभिन्न जल संठाहण संरचनाओं का लोकार्पण एवं नई संरचनाओं का शुभारम्भ भी किया जाएगा। पखवाडे में प्लास्टिक मुक्त शहर कि दिशा में 2109 कपडे के बेग का वितरण भी किया जाएगा।

## संक्षिप्त

### महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**नारायणपुर ।** कस्बे में स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में शैक्षिणक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक प्रथम सेमेस्टर (कला संकाय) में प्रवेश की ऑनलाइन प्रक्रिया 4 जून से आरंभ हो गई है। इच्छुक छात्राएं आधार कार्ड के माध्यम से ई-मित्र केंद्रों से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। कॉलेज के नोडल अधिकारी राम प्रताप मीणा ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 16 जून निर्धारित की गई है। इसके बाद 20 जून को अंतरिम वरीयता सूची (प्रवेश की मेरिट लिस्ट) का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने छात्राओं से समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है ताकि किसी प्रकार की तकनीकी परेशानी से बचा जा सके। साथ ही महाविद्यालय में प्रवेश संबंधी किसी भी जानकारी के लिए छात्राएं कॉलेज में संपर्क कर सकती हैं या ई-मित्र केंद्र से सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

### दो वांछित फरार आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान द्वारा चलाये जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड अभियान के तहत बृजेन्द्र सिंह भाटी अति. पुलिस अधीक्षक टोंक व अरविन्द कुमार वृत्ताधिकारी पीपलू के निर्देशन पीपलू थाना प्रभारी उदयवीर सिंह की गठित टीम द्वारा थाना प्रकरण मे चार वर्ष से फरार स्थायी वारन्टी काशीराम भील पुत्र रतनलाल भील उम्र 34 साल निवासी मोग्याबेह पुलिस थाना दांगीपुरा जिला झालावाड को सिरोही से गिरफ्तार किया गया है। उक्त आरोपी बहुत ही शातिर किस्म का अपराधी है, जो वाहन व अन्य चोरियां करने का आदी है, प्रकरण मे चोरी हुये ट्रेक्टर को पूर्व मे ही बरामद किया जा चुका है। उक्त आरोपी को न्यायालय मे पेश किया जाकर न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया है। इसी प्रकार वृत्ताधिकारी निवाई मृत्युन्जय मिश्रा एवं थानाधिकारी दतवास कालुराम के नेतृत्व में गठीत टीम द्वारा नाबालिक लडकी के अपहरण बलात्कार व पोक्सो एक्ट के मामले में 6 माह से फरार आरोपी रघुवीर पुत्र शिवजी राम जाति जाट उम्र 23 साल निवासी दहलोद थाना दत्तवास को गिरफ्तार किया है।

### कावड यात्रा का पोस्टर जारी

**मालपुरा** (निस) शिव कावड यात्रा समिति मालपुरा द्वारा 20० व 21 जुलाई को मालपुरा मे निकाली जाने वाली कावड यात्रा के सफल आयोजन व गांव-गांव प्रचार-प्रसार कर शिवभक्तों को आयोजन से जोडने के लिये बुधवार को माणक चौक बाजार गणेश मंदिर मे डॉ. अंकित जैन द्वारा कावड यात्रा पोस्टर का विमोचन किया गया। पण्डित शुभम शर्मा द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करवाई गई। कावड यात्रा संयोजक विकास शर्मा सहित समिति पदाधिकारी मौजूद रहै।

### उदयपुर-आगरा वंदे भारत ट्रेन को भरतपुर होकर चलाए जाने की मांग

**भरतपुर** (निस)। समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर उदयपुर से आगरा के लिए शुरू की गई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भरतपुर होकर चलाने का आग्रह किया है। गुप्ता ने पत्र में उल्लेख किया कि वंदे भारत ट्रेन आज देश की प्रगति, सुविधा और एकता की प्रतीक बन चुकी हैं। यदि यह ट्रेन भरतपुर होकर संचालित की जाती है, तो इससे न केवल स्थानीय यात्रियों को सुविधा होगी, बल्कि भरतपुर का पर्यटन, व्यापार एवं क्षेत्रीय विकास भी तीव्र गति से आगे बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि भरतपुर में स्थित केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, जो कि यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित है, प्रतिवर्ष हजारों देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करता है। साथ ही भरतपुर के निकट स्थित फतेहपुर सीकरी, डीग महल, कामवन, मथुरा, वृन्दावन जैसे धार्मिक व ऐतिहासिक स्थल भी ट्रेन रूट में शामिल किए जाने से और अधिक सुलभ हो सकेंगे। इसके अतिरिक्त भरतपुर में सरसों तेल उद्योग व शहद व्यापार से जुडे अनेक व्यापारी एवं उद्यमी लगातार दिल्ली, जयपुर, आगरा आदि स्थानों पर आवागमन करते हैं। वंदे भारत जैसी हाईस्पीड और आरामदायक ट्रेन से इन व्यापारियों को भी बड़ी राहत मिल सकेगी। गुप्ता ने यह भी कहा कि भरतपुर से आगरा की दूरी महज 60 किलोमीटर है, और आम जन विशेषकर महिलाएं और बुजुर्गजन शादी-ब्याह या अन्य पारिवारिक कार्यों के लिए आगरा जाया करते हैं। भरतपुर होकर ट्रेन चलने से उन्हें समय और सुविधा दोनों का लाभ मिलेगा। उन्होंने रेल मंत्री से आठाह किया है कि उदयपुर-आगरा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भरतपुर होते हुए चलाया जाए।

## भाजपा की कार्यशाला आज

**टोंक।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान ने मोदी सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम संचालन हेतु जिला समिति व विधानसभा समिति का गठन किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह ने बताया कि संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम के तहत मोदी सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुँचाया जायेगा तथा जिला समिति में पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया को संयोजक व विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, लोकेश गुप्ता को सह संयोजक बनाया गया है। इसी प्रकार टोडा मालपुरा विधानसभा में संतकुमार जैन को संयोजक व त्रिलोक चंद जैन, तरुण टिक्किवाल को सह संयोजक बनाया गया है। टोंक विधानसभा में शैलेन्द्र चौधरी को संयोजक व महेंद्र सिरोठा, हनुमान बैरवा को सह संयोजक बनाया है, इसी प्रकार देवली उनियारा विधानसभा में बनवारी जाट को संयोजक व राजेन्द्र सैनी, रत्तीराम पहाड़िया को सह संयोजक बनाया है तथा निवाई-पीपलू विधानसभा में प्रधान काबरा को संयोजक व प्रताप सिंह राजावत, देवराज गुर्जर को सह संयोजक बनाया है। चौहान ने बताया कि संकल्प से सिद्धि अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन आज प्रातः 11.00 बजे सांसद निवास बंबोर गेट जानकीबाई धर्मशाला टोंक पर रखा गया है, जिसमें जिलाध्यक्ष, विधायकगण आदि सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## चिकित्सा व्यवस्थाओं की समीक्षा

**पावटा ।** राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मंगलवार को मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठक विधायक कुलदीप धनकड की अध्यक्षता एवं विराटनगर एसडीएम अमिता मान, जिला कोटपूतली बहरोड सीएमएचओ डॉ.आशीष सिंह, विराटनगर बीसीएमओ डॉ.सुनील मीणा, पावटा ब्लॉक बीसीएमओ डॉ. कृष्ण सिंह शेखावत एवं सीएचसी प्रभारी डॉ.महावीर प्रसाद स्वामी की मौजूदगी में आरएमआरएस की बैठक आयोजित की गई। जिसमें चिकित्सालय के विकास, मरीजों को सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं सोसायटी की आय-व्यय पर चर्चा की गई। इस दौरान विधायक

- **सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैड में सुविधाओं का विस्तार, एमआरएस की बैठक में लिया निर्णय**

कुलदीप धनकड ने सीएचसी में बेहतर सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के लिए चिकित्सा के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि मैड सीएचसी को आदर्श एवं आधुनिक सीएचसी में जोड़ा गया है। जिससे अब यहां पर करीब 2 करोड़ की लागत से आधुनिक व्यवस्थाएं होने से मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेगी। वही विधायक धनकड ने सीएचसी में ड्रेस कोड अनिवार्य करवाने के निर्देश दिए। वही ठाामीणों ने सीएचसी में महिला डॉक्टर, आयुर्वेद चिकित्सा व्यवस्था की मांग की। जिस पर विधायक धनकड ने ठाामीणों की मांग पर व्यवस्था करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान हेल्थ सुपरवाइजर मुकेश लांबा, डॉ.महावीर स्वामी, संविदा फार्मासिस्ट उपेंद्र सिंह शेखावत, फार्मासिस्ट मुकेश चौधरी, रोहिताश कानव, कमलेश जाट बाणगंगा मंडल अध्यक्ष महेश यादव, राधेश्याम गुप्ता, पूरण पारीक, पूर्व सरपंच रामेश्वर सैनी, मुकेश सैनी, मुकेश जाट ने कई जानकारी दी।

## वरिष्ठजनों के सम्मान में जगन्नाथपुरी की हवाई यात्रा करवाई

**निवाई।** राजस्थान सरकार की नई पहल को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्य मंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशुानसार सबका साथ सबका विकास अभियान के तहत सर्व समाज के वरिष्ठजनों के सम्मान में विधायक रामसहाय वर्मा के नेतृत्व में वृद्धजनों को जगन्नाथपुरी हवाई यात्रा करवाई गई। जिससे वृद्धजनों ने उत्साह पूर्वक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व विधायक रामसहाय वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए हवाई यात्रा की सराहना की।

- **विधानसभा क्षेत्रवारियों में खुशी की लहर**
- **विधायक रामसहाय वर्मा का जताया आभार**

नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि जगन्नाथपुरी हवाई यात्रा में सभी पार्टियों को साथ लेकर सर्व समाज के वृद्धजनों को जगन्नाथपुरी की धर्म यात्रा करवाई गई जिसमें भगवान जगन्नाथपुरी सहित कोणार्क का सूर्य मंदिर, लिंगराज मंदिर व साक्षी गोपाल महाराज मंदिर सहित दर्जनों मंदिरों में भगवान के दर्शन किए एवं देश में सुखशान्ति की मनोकामना की। उन्होंने कहा कि विधायक रामसहाय के इस सराहनीय कदम को लेकर एवं वृद्धजनों के सम्मान से विधान सभा क्षेत्र के वरिष्ठजनों में खुशी की लहर दौड गई।

इस अवसर पर पार्षद ओपी गुप्ता, परसराम कुमावत, पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, भाजपा नेता रामप्रसाद शर्मा, पूर्व सरपंच कैलाश नटवाडा, पीपलू प्रधान सत्यनारायण चन्देल, मोहनलाल अठावाल, रामचरण पारीक, कैलाश बोहरा, रघुनन्दन शर्मा, जगदीश चौधरी, पीपलू के पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रतापसिंह, जगदीशसिंह राजावत एवं श्योजीराम चौधरी सहित कई वरिष्ठजनों ने भगवान के दर्शन करके देश में खुशहाली की मनोकामना की एवं विधायक रामसहाय वर्मा की इस नई पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए यात्रा की सराहना की।

## बिना डिग्री मेडिकल दुकान चलाने वाला गिरफ्तार

**पावटा ।** बिना रजिस्ट्रेशन व डिठाी पर अवैध रूप से मेडिकल चलाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। विराटनगर के पालडी तिराहे पर मेडिकल की दुकान की आड में मरीजों का इलाज करने वाले बिना डिठाीधारी एक जने के खिलाफ जिला कोटपूतली-बहरोड सीएमएचओ डॉ.आशीष सिंह शेखावत ने चिकित्सा टीम के साथ कार्रवाई कर दवाइयां जब्त की।

विराटनगर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार मीणा ने बताया कि पालड़ी तिराहे पर मेडिकल एडं जनरल स्टोर पर रामकेश द्वारा मरीजों का उपचार करने में स्टेरॉयड काम में लेने की शिकायत पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शेखावत ने कार्रवाई की। स्वास्थ्य विभाग टीम की कार्यवाही के दौरान रामकेश मेडिकल दुकान में मरीज का गलत तरीके से उपचार करते हुए

- **मरीजों का इलाज करने में स्टेरॉयड काम में लेने की शिकायत पर कार्यवाही**

पाया गया। वहीं राजस्थान सरकार की ओर से मरीजों को निःशुल्क मिलने वाली दवाइयां भी मेडिकल दुकान पर बेचते हुए पाया गया। जिस पर अवधि पार एवं गलत दवाइयां को जब्त कर कार्यवाही की। विराटनगर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार मीणा ने बताया कि रामकेश के पास मेडिकल की कोई डिठाी नहीं है। झोलाछाप हैं और मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहा था ब्लॉक में ऐसी मेडिकल व झोलाछाप डॉक्टरो के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## रोजाना गड्ढों से वाहन चालक परेशान

**निवाई।** शहर की शिवाजी कॉलोनी में हिंदुस्तान पेट्रोलियम की ओर से गैस की पाइपलाइन डालने का कार्य चल रहा है। पाइपलाइन के लिए हर गली के बाहर दो गड्ढे किए गए हैं जिनके माध्यम से पाइपलाइन डाली जा रही है।

पाइपलाइन डालने के बाद उन गड्ढों को ठीक तरह से नहीं भरने के कारण रोजाना दो पहिया व चार पहिया वाहन गड्ढों में फंस रहे हैं जिससे दुर्घटना होने की आशंका बढ गई है। बुधवार की सुबह हुई तेज बारिश के कारण उन गड्ढे में पानी भर गया जिससे गड्ढे और चौडे हो गए। कॉलोनीवासियों ने बताया कि ठेकेदार के कार्मिक गड्ढों खोदकर पाइपलाइन डाल रहे हैं लेकिन उन गड्ढों को ठीक तरह से वापस मरमत नहीं कर रहे हैं जिससे गड्ढों में पानी भरने से गहरे होते जा रहे हैं। हर गली के बाहर दो-दो गड्ढों बनाए हैं। गड्ढे गहरे हो जाने से गलियों में रहने वाले लोगों के वाहनों के पहिए उन गड्ढों में फंस रहे हैं। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

## विधायक ने अस्पताल व्यवस्थाओं की जानकारी ली

निवाई। उप जिला अस्पताल में विधायक रामसहाय वर्मा की अध्यक्षता में मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठक का आयोजन हुआ। विधायक रामसहाय वर्मा ने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। बैठक में आने वाले मानसून को लेकर चिकित्सालय परिसर में बारिश का पानी जमा होने को लेकर सदस्यों ने विधायक को अवगत कराया। विधायक वर्मा ने उक्त समस्या के शीघ्र समाधान के लिए सीएमएचओ डॉ. शैलेंद्र चौधरी को निर्देशित किया। विधायक वर्मा ने शीघ्र चिकित्सालय के मेन गेट को चौड़ा करवाकर नाला निकलवाने के निर्देश दिए। जिससे परिसर में पानी नहीं भरे और उक्त समस्या का स्थाई समाधान हो सके। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरने की मांग की एवं अस्पताल सदस्यों ने अस्पताल की मोर्चरी की साफ-सफाई व्यवस्था करने व मोर्चरी के बाहर टीन शेड लगवाने व ओपीडी के लिए नए कमरों के निर्माण करवाने का प्रस्ताव रखा। इस दौरान प्रदेश में बढ़ रहे कोविड के मामलों को लेकर विधायक रामसहाय वर्मा ने उचित व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए ऑक्सीजन प्लांट के बारे में चिकित्सा प्रभारी ने जानकारी ली। जिस पर चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि ऑक्सीजन प्लांट सुचारू रूप से चालू है। उप जिला अस्पताल में राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क जांच व निःशुल्क दवाई योजना की संपूर्ण सुविधाओं पर चर्चा की ।

## बयाना के पीलूपुरा में 8 जून को गूर्जर महापंचायत, तैयारियां जोरों पर

**बयाना भरतपुर** (निस)। गुर्जर समाज की ओर से एमबीसी आरक्षण को लेकर 8 जून को बयाना के पीलूपुरा में गुर्जर महापंचायत आयोजित की जाएगी। महापंचायत की तैयारियों को लेकर गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं। समाज के लोगों को आमंत्रित करने के लिए पीले चावल बांटे जा रहे हैं।

गुर्जर नेताओं का कहना है कि यह महापंचायत समाज की वर्षों पुरानी मांगों को लेकर सरकार को एक बार फिर चेताने के उद्देश्य से की जा रही है। उनकी प्रमुख मांगों में एमबीसी आरक्षण के तहत लंबित मामलों का निस्तारण, देवनारायण बोर्ड की बैठक बुलाना और पूर्व आरक्षण आंदोलनों के दौरान समाज के युवाओं पर दर्ज मुकदमों को वापस



महापंचायत को लेकर पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव जाकर जनसंपर्क किया।

लेने की मांग शामिल है। समिति के उपाध्यक्ष भूरा भगत ने जानकारी दी कि वर्ष 2007 और 2008 में आरक्षण आंदोलन के दौरान समाज के कई युवाओं की मौत हो चुकी है, लेकिन सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इस बार महापंचायत के माध्यम से सरकार को अंतिम चेतावनी दी जाएगी। भरतपुर के अलावा करौली, अलवर, बूंदी, कोटा, दौसा, सवाई माधोपुर, टोंक सहित अन्य जिलों में भी महापंचायत के लिए पीले चावल बांटे जा रहे हैं। गुर्जर नेता स्पष्ट कर चुके हैं कि अगर सरकार ने एक बार फिर समाज की मांगों की अनदेखी की, तो आने वाले समय में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

- **गुर्जर नेताओं ने कहा कि यह महापंचायत समाज की वर्षों पुरानी मांगों को लेकर सरकार को एक बार फिर चेताने के उद्देश्य से की जा रही है।**

### प्रशिक्षण शिविर का समापन

**राजगढ़।** कस्बे की अग्रवाल धर्मशाला में वैश्य महिला समिति की ओर से ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। इस दौरान 6 लकी ड्रा निकाले गए। वैश्य महिला समिति की अध्यक्ष कमलेश गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, जिला महामंत्री राधा रमन विजय, बाबूलाल, महेश चंद उपाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष देवी शंकर गुप्ता, प्रभारी उपाध्यक्ष मीना खंडेलवाल, वैश्य महासमिति के महेश गोयल एवं अन्य का माल्यार्पण के साथ स्वागत किया गया। सभी ने महिला समिति की ओर से ठाीष्मकालीन शिविर में प्रशिक्षण कोर्सों की सराहना की। इस दौरान कार्यक्रम में एक माह तक शिविर में सहयोग करने वाली महिलाओं एवं प्रशिक्षणार्थियों, बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुषमा गुप्ता, ममता गुप्ता, ममता विजय, माया गोयल, चंद्रकांता विजय, अर्चना झालानी एवं सरला सहित अन्य सदस्य मौजूद रही।

## सार-समाचार

### 5 छात्र इंस्पायर अवार्ड में चयनित

**टोंक।** दूनी मुख्यालय स्थित के शिव पब्लिक स्कूल के पांच विद्यार्थियों का इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन हुआ है। निदेशक शिवजीलाल चौधरी ने बताया कि अपने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के माध्यम से जिलेभर में पहचाना जाने वाले शिव पब्लिक स्कूल हर साल शत-प्रतिशत और उत्कृष्ट परिणाम देता आ रहा हैं, इसी कड़ी में इंस्पायर अवार्ड के लिए स्कूल के कक्षा 12 वीं के विज्ञान वर्ग की छात्रा अनादी जैन, छात्र कुलदीप मीणा, परमेश्वर सैनी, अंकित गुर्जर एवं कुनाल बडगुर्जर का इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन हुआ। प्रबंध निदेशक पवन माहेश्वरी ने बताया कि छात्र-छात्राओं ने अपने मॉडल तैयार किए थे, जिनका चयन होने पर छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया जायेगा । इस योजना में छात्रों को सरकार की ओर से अग्रिम अध्ययन के लिए प्रोत्साहन स्वरुप लगभग एक लाख रूपए की राशि प्रदान की जाएगी। अवार्ड के लिये चयन होने पर विद्यालय परिवार व अभिभावकों में खुशी का माहौल है।

### शिविर आयोजित

**अलवर ।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि जिले में दिव्यांगजनों को पात्रतानुसार योजनाओं से जोडकर आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रोजेक्ट पहचान (अलवर की पहचान आत्मनिर्भर दिव्यांग) के तहत आज पंचायत समिति रैणी में शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में 22 दिव्यांग उपकरण, 13 रोडवेज पास एवं 139 यूडीआईडी कार्ड हेतु रजिस्ट्रेशन किए गए। शेष रहे दिव्यांगजनों हेतु 5 जून को रैणी पंचायत समिति में दिव्यांगजन शिविर होगा। दिव्यांगजन शिविर में उपस्थित होकर रजिस्ट्रेशन कराकर उपकरण एवं अन्य योजनाओं का लाभ उठावे। शिविर में उपखण्ड प्रशासन, पंचायती राज विभाग, चिकित्सा, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग व परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

### झमाझम बारिश से क्षेत्र तरबतर

**निवाई।** बुधवार की सुबह हुई प्री मानसून की झमाझम बारिश ने शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र को तरबतर कर दिया। जिससे तापमान में भारी गिरावट होने गर्मी से राहत महसूस हुई। तापमान में गिरावट आने से बिजली की खपत में भी गिरावट आई है। मंगलवार की शाम से ही मौसम में परिवर्तन होने लग गया था। आकाश में काले बादल छाने के साथ ही तेज ठण्डी हवाएं चलने लगी। ठण्डी हवा चलने से देर रात में तापमान में भारी गिरावट हुई और ठण्ड का अहसास होने लगा। ठण्डी हवाओं के चलते लोगों को कूलर व एसी बंद करने पड़े। बुधवार की सुबह घनी काली घटाए आसमां में छाने लगी और तेज हवा के साथ करीब साढे 6 बजे तेज बरसात होने लगी। जिससे सडकों पर पानी बहने लगा। तेज बारिश का दौर करीब एक घंटे चला उसके बाद दस बजे तक रिमझिम बारिश होती रही। बारिश होने से किसानों में खुशी की लहर दौड गई।

### वार्षिक उत्सव आज से

**फुलेरा ।** कस्बे के समीपवर्ती ठााम पंचायत काचरोदा की स्कूल की ढाणी स्थित प्राचीन विश्वनाथ मन्दिर का 79 वाँ वार्षिक महोत्सव आज 5 जून से गंगा दशमी पर आयोजित होगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए मन्दिर के पुजारी विवेक शर्मा ने बताया कि मन्दिर की स्थापना 80 वर्ष पूर्व गंगा दशमी पर ही हुई थी। इसके चलते स्थापना दिवस पर प्रतिवर्ष 48 घन्टे तक अखण्ड रामध्वनी आयोजित की जाती है। गौरतलब है कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पण्डित घीसा लाल शर्मा के सानिध्य में "रघुपति राघव राजा राम - पतित पावन सीताराम" का अनवरत जाप होगा। वहीं आगे बताया कि महोत्स 5 जून गुरूवार प्रातः 8 बजे शुरू होकर 7 जून को प्रातः 8 ब हवन पूजन के साथ समापन होगा। समारोह के दौरान मन्दिर में पुष्प मालाओं से भव्य सजावट और मनमोहक झांकिया सजाई जायेगी।

### कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**निवाई।** श्री राधा कृष्ण गौशाला डांगरथल के लिए जमीन आवंटन की मांग को लेकर ठााम वासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ठााम पंचायत प्रशासक बजरंग लाल बैरवा ने बताया कि ठााम पंचायत मुख्यालय डांगरथल में खसरा नंबर 22 में गौशाला का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में गौशाला में करीब 325 गौ वंश है। गोवंश की देखभाल के लिए श्री राधा कृष्ण गौशाला सेवा समिति कार्यरत है। समिति द्वारा ठाामीणों के सहयोग से गौशाला का संचालन किया जा रहा है। समिति उक्त भूमि को गौशाला के लिए आवंटित करने की मांग कर रही है। इसको लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। गौशाला की के लिए जमीन आवंटित हो जाने से राजस्थान सरकार द्वारा गौशाला को मिलने वाली सहायता राशि आवंटित हो सकेगी। इस अवसर पर बोदूलाल, मुकेश, रतनलाल, शिवराज गुर्जर, मदनलाल, हरिराम, रामफूल व रामेश्वर गुर्जर सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### शार्ट सर्किट से आग लगी

**निवाई।** ग्राम पंचायत चैनपुरा की बैरवा ढाणी में विद्युत शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे घरेलू सामान जलकर राख हो गए। ढाणी निवासी रामप्रसाद बैरवा ने बताया कि ढाणी निवासी रामसहाय बैरवा के घर में विद्युत शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। जिससे विद्युत उपकरण सहित घर में रखी गेहूं की बोरी, चारपाई, बर्तन, कपड़े, बिस्तर, चांदी की पायजेब सहित करीब 5 हजार रूपए की नकदी व घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर अग्निशमन से आग पर काबू पाया। जब तक सभी घरेलू सामान जलकर राख हो गए थे।

### घनश्याम सैनी समन्वयक बने

**मनोहरपुर ।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन राजस्थान जिला जयपुर ग्रामीण में विस्तार हुआ । प्रदेश अध्यक्ष सी.बी यादव के अनुमोदन उपरांत जिला जयपुर ग्रामीण अध्यक्ष नंदलाल गोठवाल के द्वारा घनश्याम सैनी शाहपुरा विधानसभा समन्वयक/कोऑर्डिनेटर बनाए गए, जिनको पदाधिकारीयो द्वारा एवं गणमान्य लोगों ने बधाई दी ।

### भंवर जितेंद्र सिंह ने मंदिर में दर्शन किए

**राजगढ़ ।** उपखंड क्षेत्र के दुब्बी भजेडा स्थित मीन भगवान मंदिर में दो दिवसीय महोत्सव एवं मेले के चलते बुधवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह सहित जनप्रतिनिधियों ने मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान अतिथियों ने दो दिवसीय कार्यक्रम में पद एवं ढांचा दंगल में राम सिंह मीणा एवं अन्य की ओर से प्रस्तुत रचनाओं की सराहना की। मीन महोत्सव में आए वक्ताओ ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भाईचारा एवं मेल मिलाप बढता है। इस तरह के कार्यक्रम एकजुटता को बढ़ाते हैं। सभी ने मंदिर में मीन भगवान के दर्शन कर जन कल्याण की कामना की। दो दिवसीय कार्यक्रम के शुभारंभ पर आदिवासी मीन भगवान जन कल्याण संस्थान के अध्यक्ष रामकृपाल मीणा एवं अन्य की ओर से भंवर जितेंद्र सिंह, ललित यादव, क्षेत्रीय विधायक मांगेलाल मीणा, कृष्ण मुरारी गंगावत, जोहरी लाल मीणा, एवं अन्य का माल्यार्पण एवं साफा बांध स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में रामकिशन मीणा, राजेश मीणा, कालू फीता, सीमा मीणा, अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। धार्मिक कार्यक्रम में सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं की ओर से ग्रामीण महिला पुरुषों के लिए शीतल पेय पदार्थ, एवं अन्य व्यवस्थाएं की गई। इस दौरान मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### पावटा अस्पताल का निरीक्षण

**पावटा।** राजस्थान ऊर्जा विकास एवं आईटी सर्विस लिमिटेड मैनेजिंग डायरेक्टर वरिष्ठ आईएएस ओमप्रकाश खसेरा ने बुधवार को उपजिला अस्पताल पावटा का निरीक्षण किया। जहां वरिष्ठ आईएएस ओमप्रकाश खसेरा ने सबसे पहले इमरजेंसी आउट डोर, ईसीजी कक्ष, ओटी और मेडिकल इमरजेंसी, डी डी सी काउंटर, महिला व पुरुष वार्ड, लेबर वार्ड, ओपीडी, ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण कर मरीजों से इलाज के सम्बंध में जानकारी मांगी और तिमारदारों ने भी बात की। उन्होंने पाव टा उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय, पीएमओ डॉ. रवि बंसल, डॉ.देवेंद्र शर्मा, डॉ भास्कर मिश्रा, डॉ अशोक जाट की उपस्थिति में अस्पताल के आउटडोर और वार्डों में घूमकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वरिष्ठ आईएएस ओमप्रकाश खसेरा ने बताया कि कमियां तो सैंकड़ो मिलती हैं। इनमें सुधार कैसे किया जाए, ये हमारा प्रयास होता है। उपजिला अस्पताल में व्यवस्था ठीक है।